संख्या-01/2020/448/नौ-7-2020

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

(1) समस्त नगर आयुक्त,
नगर निगम,
उ0प्र0।

(2) समस्त अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत,
उ0प्र0।

नगर विकास अनुभाग-7 **लखनऊः दिनांकः 07 अप्रैल, 2020**

विषयः नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के दृष्टिगत लाकडाउन के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लाभार्थियों को डोर-टू-डोर टेक होम राशन वितरण कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या- 1169/58-1-20-2/13(19)05टीसी-1 दिनांक 06.04.2020 (छायाप्रति संलग्न) की कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लाभार्थियों की इम्युनिटी बनाये रखने की दृष्टि से सोशल डिस्टेंन्सिंग का पालन कर लाकडाउन के दौरान पोषाहार वितरण में पर्याप्त पारदर्षिता रखते हुये दिनांक 10, 13 व 16 अप्रैल 2020 को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लाभार्थियों को घर-घर जाकर पोषाहार वितरण सुनिश्चित किया जायेगा।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने निकाय के समस्त पार्षद/सभासद को पोषाहार वितरण की उक्त सूचना **वाट्सएप ग्रुप** अथवा अन्य माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि उनके द्वारा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लाभार्थियों को पोषाहार उपलब्ध कराये जाने की सूचना ससमय प्रदान की जा सके।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. समस्त, जिलाधिकारी, उ0प्र0।
2. प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक 06.04.2020 के क्रम में सूचनार्थ।

आज्ञा से,

(संजय कुमार सिंह यादव)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in